# मानव तस्करी रोकथाम, संरक्षण और पुनर्वास विधेयक 2018 पर टिप्पणी

---

**लेखक** : यह विश्लेषण और आलोचना इन कार्यकर्ताओं, वकीलों और विशेषज्ञों के योगदान के कारण संभव हो पायी है :

- आरती पाई, वकील, SANGRAM, बैंगलोर
- राकेश शुक्ला, अभिवक्ता, भारतीय उच्चतम न्यायालय
- अरविंद नारायण, मानवाधिकार वकील, बैंगलोर
- स्वराज पॉल बरूहा, सेंटर फॉर इंटरनेट एंड सोसाइटी, बैंगलोर
- दर्शना मित्रा, वकील, आल्टरनेटिव लॉ फोरम, बैंगलोर
- मीना सेशु, कार्यकर्ता, SANGRAM, सांगली
- मधु भूषण, SIEDS, बैंगलोर
- राजेश श्रीनिवास, कार्यकर्ता, SANGRAM, बैंगलोर

## 1. संवैधानिक चुनौती

अगर मानव तस्करी विधेयक 2018 की विधायी मंशा को समझने की कोशिश की जाए, तो इसके उद्देश्य और कारण भारतीय दंड संहिता की धारा 370 और अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम 1956 (ITPA) के संदर्भ में हैं। इससे पता चलता है कि इस विधेयक को मानव तस्करी के बारे में पहले से बने हुए कानूनी प्रावधानों में कुछ बातें जोड़ने के लिए लाया गया है । अगर यह भी मान लिया

जाए के यह विधेयक स्पष्ट रूप से मौजूदा आपराधिक कानून का पूरक है, तब भी इसे संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के चश्मे से देखना आवश्यक है । भारतीय संविधान में मौलिक अधिकार के अध्याय को मोटेतौर पर निम्न भागों में बाँटा जा सकता है :

- समानता का अधिकार (अनुच्छेद 14, 15, 16, 17, 18)
- स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 19, 20, 21, 21-अ, 22)
- शोषण के खिलाफ अधिकार (अनुच्छेद 23, 24)
- धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद 25, 26, 27, 28)
- सांस्कृतिक और शिक्षा का अधिकार (अनुच्छेद 29,30,31)
- संवैधानिक उपायों का अधिकार (अनुच्छेद 32, 33, 34, 35)

अगर इस कानून के संवैधानिक आधार को समझना चाहे तो शायद इस कानून का उद्देश्य लोगों को शोषण से बचाना है । सम्बंधित अनुच्छेद, अनुच्छेद 23 होगा, जो इस प्रकार है :

*मानवों की तस्करी, बेगारी और इससे मिलते जुलते जबरन श्रम के अन्य और प्रकार प्रतिबंधित है और इस प्रावधान का उल्लंघन करने पर कानून के अनुसार सज़ा दी जाएगी ।*

हालाँकि, अगर अनुच्छेद 23 के आधार पर बेगारी जैसे शोषण से लोगों को बचाना ही इस विधेयक का उद्देश्य है तब भी संविधान ये कहता है कि एक अनुच्छेद को लागू करने के लिए दूसरे संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं किया जाना

चाहिए । इस विधेयक में चिंताजनक यह है कि अनुच्छेद 23 के मकसद को पूरा करने में यह अनुच्छेद 19 और 21 में दिए गए बुनियादी संरक्षणों का उल्लंघन कर रहा है । अनुच्छेद 21 जोकि भारतीय संविधान की दिल और आत्मा की तरह है कहता है कि:

*किसी भी व्यक्ति के जीवन या उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता को कानून द्वारा बनाई गयी प्रकिया के अलावा किसी और तरीक़े से वंचित नहीं किया जा सकता।*

जीवन जीने और निजी स्वतंत्रता के मायनों को सुप्रीमकोर्ट ने खुल कर समझाया है । सिर्फ जानवर की तरह जिंदा रहने को ही जीवन जीने का अधिकार नहीं माना जाता बल्कि सम्मानपूर्वक जीवन जीने को इस अधिकार का सही मतलब माना

गया है[1] । जीवन और निजी स्वतंत्रता की संकल्पना में निजता का अधिकार भी निहित है [2] ।

---

[1]सुप्रीमकोर्ट ने कहा है कि: जीवन जीने के अधिकार में, सम्मान के साथ जीवन जीने के अधिकार के साथ-साथ पर्याप्त भोजन, कपड़ा, रहने की जगह जैसी मूल ज़रूरतों से लेकर पढ़ने-लिखने की सुविधा, अपने आप को अलग अलग माध्यम से व्यक्त करना, बिना रोक-टोक के कही आना जाना और लोगों से मिलने जुलने का अधिकार भी शामिल है । जस्टिस भगवती, फ्रांसिसकोराली मुलिन बनाम दिल्ली एवं अन्य । https://indiankanoon.org/doc/78536/

[2]पुत्तुस्वामी बनाम भारत संघ मामले में सुप्रीमकोर्ट की नौ जजों की बेंच ने माना कि निजता अकेले छोड़ दिए जाने के अधिकार की ओर भी संकेत करती है | निजता व्यक्ति की स्वायत्तता को सुनिश्चित करती है और व्यक्ति के अपने जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर नियंत्रण रखने की क्षमता को पहचानती है। जीवन के तरीके को नियंत्रित करने वाले व्यक्तिगत निर्णय निजता के लिए स्वाभाविक हैं। निजता भिन्नता को सुरक्षित करती है और हमारी संस्कृति की बहुलता और विविधता को पहचानती है | हालाँकि निजता की वैध अपेक्षा आंतरिक दायरे से निजी दायरे तक और निजी दायरे से लेकर सार्वजनिक जगह तक अलग - अलग हो सकती है| मगर इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि निजता ख़त्म नहीं होती या व्यक्ति के सार्वजानिक जगह पर होने की वजह से आत्मसमर्पित नहीं की जाती| निजता मानवीय सम्मान का अहम् हिस्सा होने की वजह से व्यक्ति से

सम्मान और स्वायत्तता अनुच्छेद 21 की बुनियाद हैं । मगर मौजूदा विधेयक मानव तस्करी की परिभाषा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 370 से लेता है जिसमें पीड़ित की सहमति या असहमति को कोई जगह नहीं दी गयी है और इसी वजह से यह विधेयक 'तथाकथित पीड़ितों' की स्वायत्तता पर सीधा हमला करता है[3] ।

तस्करी किये गए लोगों को भी अपनी ज़िन्दगी का फ़ैसला लेने का अधिकार है। इस विधेयक में तस्करी किये हुए लोगों को बिना उनकी मर्ज़ी के संरक्षण संस्था

---

सीधा जुडी हुई है |

http://www.supremecourtofindia.nic.in/supremecourt/2012/35071/35071_2012_Judgement_24-Aug-2017.pdf

[3]धारा 370 का खण्ड देखें. जो भी शोषण के उद्देश्य से किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को , (a ) भर्ती करता है (b ) उनका परिवहन करता है (c ) शरण में रखता है (d ) स्थानांतरण करता है (e ) प्राप्त करता है

छठा - प्रलोभन से ( जिसमें लाभ या भुगतान का लेना या देना सम्मिलित है ) ऐसे व्यक्ति की सहमति प्राप्त करने की कोशिश करता है जो की भर्ती किये गए, ढोये गए , शरण दिए गए , स्थानांतरित किये गए या प्राप्त किये गए व्यक्ति पर नियंत्रण रखता है

उसने तस्करी का अपराध किया है ।

स्पष्टीकरण 2. तस्करी का अपराध तय करने में पीड़ित की सहमति बेमायने है|

में रखा जाना भारतीय संविधान के ढांचे की उस भावना पर सीधा हमला है जहाँ हर व्यक्ति को अपनी ज़िन्दगी का फ़ैसला लेने का अधिकार है[4] ।

इन विधेयक की भावना तथाकथित पीड़ितों की स्वायत्तता को नकारती है और उन्हें ऐसे मानती है जैसे कि वह अपने आप से कुछ भी करने में असमर्थ हैं । इस वजह से यह पीड़ितों के सम्मान पर सीधे तौर पर डाका डालती है । व्यक्ति के सम्मान के अधिकार में पीड़ित भी एक 'व्यक्ति' है जिसे अपनी ज़िन्दगी का फ़ैसला लेना का पूरा अधिकार है ।

पीड़ित होने या मुश्किल से मुश्किल हालत में होने पर भी किसी व्यक्ति के सम्मान और स्वायत्तता का अधिकार उसके पास ही रहता है ।

वयस्क व्यक्ति से अनुच्छेद 19 (1)(g) में दिए गए अधिकार को वापस ले लेना भी समानता के सिद्धांत पर सीधा हमला है । जहाँ भी सेक्स वर्क का प्रश्न आता है राज्य मानता है कि वयस्क होते हुए भी  इस काम से जुड़े हुए लोगों को संरक्षण की आवश्यकता है । ऐसा इसलिए क्यूंकि यौनकर्मियों का काम राज्य को नैतिकता की धारणा के आड़े आता दिखाई देता है ।

राज्य को समझना चाहिए कि बहुसख्यकों की नैतिकता को लागू कराना राज्य का काम नहीं है । बल्कि राज्य की नीतियां संवैधानिक नैतिकता के दायरे में होनी चाहिए । डॉक्टर अंबेडकर के अनुसार संवैधानिक नैतिकता ऐसी नैतिकता है जो

---

[4]विधेयक की धारा 17 देखें

संवैधानिक अधिकारों से न टकराती हो । यह बात खासतौर पर ध्यान देना चाहिए कि यौनकर्मियों के अपनी मर्ज़ी से किये जाने वाले रोज़गार पर रोक लगा कर यह अध्यादेश जीवन जीने के अधिकार पर चोट पंहुचा रहा है। सबको समान अवसर देने की अपनी ज़िम्मेदारी में नाकाम होने के बाद राज्य ऐसे लोगों की जिंदगी को और मुश्किल बना रही है जो पहले से ही बहुत सारे मुश्किल हालत से गुज़र रहे हैं । ऐसा करने से राज्य केवल भारतीय समाज की संरचना के विरोधाभासों को बढ़ाता है जिसमें अमीर और गरीबों के बीच का विरोधाभास भी शामिल हैं।

## 1. अपराधीकरण न कि लोक कल्याण ?

इस विधेयक की अपराधीकरण करने की अत्यधिक मंशा सिर्फ इस बात से ही साफ़ नहीं होती कि यह ऐसी एजेंसियां और संस्थाएं बनाने की बात करता है जिनका काम पुनर्वास के नाम पर छापे और हिरासत पर केन्द्रित है । बल्कि इस विधेयक में ज़मानत का ज़रुरत से ज़्यादा कड़ा प्रावधान भी इसकी अपराधीकरण की मंशा को पूर्णतयः दर्शाता है । इस विधेयक के खण्ड 52 के अनुसार हर वो व्यक्ति जो दो साल से ऊपर सज़ा वाले अपराध का आरोपी है, उसकी अग्रिम ज़मानत के अधिकार पर रोक है। यह प्रावधान धारा 438 के तहत अग्रिम ज़मानत के लिए अदालत पहुँचने के अधिकार को स्पष्ट रूप से नकारता है । यह बेहद हानिकारक है क्योंकि संभवतः इस प्रावधान का दुरुपयोग कर पीड़ितों के खिलाफ झूठे मामले लगा के उनको फंसाया जा सकता है । और यही बात ITPA के

अनुभव से भी सामने आती है जिसमे यौनकर्मियों को कोठा मालिक और दलाल की तरह गिरफ्तार किया गया और मुक़दमा चलाया गया है। अग्रिम ज़मानत के अधिकार पर रोक लगा कर यह अध्यादेश इस क़ानून के दुरुपयोग को रोकने के प्रावधान ही ख़त्म कर रहा है । बैंक खातों को जाम करना और 'तस्करी के उद्देश्य' के लिए इस्तेमाल की जाने वाली जगहों को सील करने का प्रावधान भी आपराधिक क़ानून के तरीकों से ही इस तंत्र से निबटने की कोशिश करता दिखता है जिसमें लोग जीवनयापन के लिए अनिश्चित श्रम करने पर मजबूर होते हैं । यह अपराधीकरण दृष्टिकोण इस तथ्य में भी स्पष्ट है कि, भिखमंगी के लिए तस्करी को भी जघन्य आपराधिक तस्करी के रूप में देखा जाता है । इन मामलों में भी पीड़ित को संरक्षण गृह भेजा जाना एक बार फिर से मानव तस्करी से लोगों की सुरक्षा और पुनर्वास के राज्य के इरादे को धोखा देना जैसा होगा ।

इसके साथ ही यौनिक परिपक्वता जल्दी हासिल करने के लिए किसी व्यक्ति पर हार्मोन या रसायनिक पदार्थों के प्रयोग को अपराध बना कर इस विधेयक ने व्यक्तियों के अन्तरंग जीवन और ट्रांसजेंडर व्यक्ति के पेशे को भी प्रभावी रूप से अपराधी की श्रेणी में रख दिया है । हार्मोन के प्रयोग को अपराध बना कर यह विधेयक ट्रांसजेंडर समुदाय को लेकर बनी हुई रूढ़ीवादी धारणा को भी बढ़ावा देता है जिसके हिसाब से लोगों को अगवा करके हार्मोन देकर उन्हें ट्रांसजेंडर बनाया जाता है । इस तरह के मामले में ज़ोर ज़बरदस्ती से अपनाया गया कोई भी तरीका अपराध की श्रेणी में आना चाहिए मगर इस बात का पूरा अंदेशा है कि

इस प्रावधान को मर्ज़ी से हार्मोन्स के इस्तेमाल के मामलों में भी किया जाएगा । इसके चलते यह प्रावधान ट्रांसजेंडर से जेंडर की पहचान और जेंडर की अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकार पर भी हमला करता है ।

## 1. छापा, बचावकार्य और पुनर्वास

यह अध्यादेश पीड़ितों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था के बारे में बात करता है ।




चित्र 1 प्रस्तुत अध्यादेश में पीड़ित के बचावकार्य का तरीका

धारा 16 के तहत मानवतस्करी रोधक पुलिस अधिकारी या मानवतस्करी रोधक दस्ते को शक्ति दी गयी है कि वह किसी व्यक्ति के जीवन अथवा आने वाला खतरा होने पर उस व्यक्ति को किसी भी जगह या परिसर से निकाल कर मजिस्ट्रेट या बाल कल्याण समिति के सामने पेश कर सकता है ।

मानवतस्करी रोधक दस्ते द्वारा वयस्क को तस्करी से छुड़ाये जाने के बाद मजिस्ट्रेट पीड़ित को संरक्षणगृह भेजने का आदेश दे सकता है (धारा 17) | और

अगर वह व्यक्ति संरक्षणगृह से छोड़े जाने की अर्ज़ी देता है तो मजिस्ट्रेट उसे इस आधार पर भी ख़ारिज कर सकता है कि व्यक्ति ने यह मांग अपनी मर्ज़ी से नहीं की है |

**अ. वयस्क व्यक्ति की सहमति को नकारेगा**

ऐसे मामले जो सीधे तौर पर ज़िन्दगी, घर और भविष्य से जुड़े हुए हैं उनमें भी वयस्कों की सहमति को नकार कर राज्य अपनी उस ज़िम्मेदारी में भी नाकाम होता दिखता है जिसमें राज्य का यह कर्त्तव्य है कि वह व्यक्तियों के स्वतंत्र चुनाव और कहीं भी आने-जाने की स्वतंत्रता के अधिकार को संरक्षित तो रखे ही साथ में उन अधिकारों को बढ़ावा भी दे| इस बात से जुड़े हुए दो प्रावधान ऐसे हैं जोकि परेशानी का विषय हैं |

i. ***धारा*** 17 ***की उपधारा***

*यदि पीड़ित या ऐसे किसी भी व्यक्ति जिसे बचाया गया वह बच्चा नहीं है और वह स्वेच्छा से - हलफनामे के साथ रिहाई के लिए एक आवेदन करता है और यदि मजिस्ट्रेट को ऐसा लगता है कि वह आवेदन स्वेच्छा से नहीं दिया गया है, तो मजिस्ट्रेट लिखित में अपने फैसले की वजह रिकॉर्ड करके इस तरह के आवेदन को अस्वीकार कर सकता है |*

प्रत्येक नागरिक को संविधान में यह अधिकार दिया गया है कि वह उसके जीवन को प्रभावित करने वाले फैसलों में अपनी पसंद का प्रयोग कर सकता है| इसलिए इस क़ानून को इससे जुड़े मामलों में बचाव, पुनर्वास और अभियोजन के समय

भी सम्बंधित व्यक्ति की मर्ज़ी और सहमति को जगह देनी चाहिए | भले ही व्यक्ति को शुरूआती दौर में तस्करी द्वारा इस काम में लगाया गया हो मगर मौजूदा समय में उसकी मर्ज़ी पर ध्यान दिया जाना चाहिए |

यह विधेयक व्यक्ति के अपने ऊपर अधिकार को 'पीड़ित' कह कर नकार देता है| बल्कि बचावकार्य, और पुनर्वास को लेकर व्यक्ति की मर्ज़ी या सहमति निश्चित करने के लिए इस विधेयक में कोई भी प्रावधान नहीं है | यहाँ बचाए गए व्यक्ति को अपनी मर्ज़ी का इस्तेमाल करने का कोई अवसर ही नहीं दिया गया है |

अनैतिक व्यापार अधिनियम की धारा 17 जोकि बचाए गए व्यक्ति की तुरंत हिरासत के बारे में है, कहती है कि संरक्षण गृह में लाये गए व्यक्ति को अपनी बात कहने का मौका दिया जाना चाहिए | इसके साथ ही मजिस्ट्रेट को धारा 16(1) के तहत मिली जानकारी की जाँच करनी चाहिए कि क्या व्यक्ति सच में कोठा में देह व्यापार चला रहा था या उससे ऐसा करवाया जा रहा था | मगर मौजूदा विधेयक में मजिस्ट्रेट की ऐसी कोई भी ज़िम्मेदारी नहीं है | अनैतिक व्यापार अधिनियम की धारा 17 के तहत पुलिस की असीम शक्ति और मजिस्ट्रेट का महिलाओं को बेमियादी रिमांड पर रखे जाने की वजह से इस क़ानून की काफ़ी आलोचना होती रही है मगर इस विधेयक की धारा 17 तो मजिस्ट्रेट को इससे भी कहीं ज़्यादा शक्तियां दे रही है | इसके अनुसार मजिस्ट्रेट को संरक्षणगृह भेजने से पहले पीड़ित को सुनने की भी ज़रुरत नहीं है| बल्कि यह विधेयक कहता है की मजिस्ट्रेट किसी वयस्क पीड़ित की रिहाई की अर्ज़ी को इस आधार पर

ख़ारिज कर सकता है की वह स्वेच्छा से नहीं दी गई है | इस अध्यादेश में मजिस्ट्रेट के संरक्षणगृह में भेजे जाने के आदेश के खिलाफ अपील का भी कोई प्रावधान नहीं दिया गया है |

बचाव और पुनर्वास का तरीका महिलाओं को परेशानियों से बचाने का एक तरीका है | मगर बजाए महिलाओं के अप्रवास के लिए हिफाज़ती माहौल और क़ानून बनाने के यह नीतियाँ महिलाओं के कहीं भी आने-जाने के अधिकार पर रोक लगाने का काम कर रही हैं | यह कानून निर्दोष वयस्कों की किस्मत तय करने के लिए न्यायिक प्रणाली को बेहिसाब ताक़त दे रहा है | यह कानून, आरोपी वयस्कों के भाग्य को नियंत्रित करने और निर्णय लेने के लिए न्यायिक प्रणाली को असाधारण शक्तियां देने का प्रस्ताव करता है | लोगों की सहमति को सत्ताधिकारी की ओर से नकारा जाना एक ऐसा तरीका है जोकि लोगों की आज़ादी और उनके अपनी ज़िन्दगी पर अधिकार पर वार करता है | इसके साथ ही यह विधेयक इस तरह के घातक प्रावधान के ख़िलाफ़ अपील की कोई भी व्यवस्था नहीं देता है |

कमज़ोर समुदायों के अनुभव में अक्सर सुनने को मिलता है कि इस तरह के कानून और नीतियाँ उनपर बिना सोचे समझे पुनर्वास के नाम पर ज़बरदस्ती लागू की जाती हैं | SANGRAM और VAMP द्वारा RAIDED के नाम से एक अध्ययन किया गया | इस अध्ययन के सैंपल में महाराष्ट्र में छापों में पकड़ी गयी जो 243 महिलायें थीं उनमें से 193 वयस्क महिलायें अपनी मर्ज़ी से यौनवृत्ति

में शामिल थीं जिन्हें उनकी मर्ज़ी के बिना संरक्षणगृह में बंद कर दिया गया था | इनमें से 28 महिलायों का कहना था कि उन्हें रिहा करने से पहले 6 महीने से 3 साल तक बंद रखा गया था[5] | मौजूदा विधेयक में यौनकर्मियों के लिए यह तरीका और भी सख्त और आक्रामक होने जा रहा है | क्यूंकि अब यह उन हाशियाग्रस्त लोगों पर भी लागू होगा जो रोज़ीरोटी कमाने की कोशिश में ग़रीबी की वजह से अनिश्चित प्रकार के काम करने लगते हैं | (किराए की कोख बननेवाले, घरेलू काम करने वाले, यौनकर्मी, ट्रांसजेंडर)

हमारी सिफारिश है कि विशेष गृह / संरक्षण गृह / पुनर्वास गृह में भेजने से पहले बचावकार्य में निकाले व्यक्ति की सहमति ज़रूरी हो | अगर बचावकार्य में निकाला गया व्यक्ति पुनर्वास गृह से जाना चाहे तो तो उसे उसके संज्ञान पर फ़ौरन जाने देना चाहिए | बचावकार्य में निकाले व्यक्ति के पास उसकी मर्ज़ी से पुनर्वास कार्यक्रम और योजना चुनने का हक़ होना चाहिए |

**पीड़ित के स्वेच्छापूर्ण निर्णय को सीमित करेगा**

विधेयक की धारा 17, एक मजिस्ट्रेट को पुनर्वास गृह में आरोपी वयस्कों को रखने का अधिकार देती है। उपधारा (4) के प्रावधान में कहा गया है कि पीड़ित

---

[5]RAIDED. तस्करी विरोधी रणनीतियां किस तरह से यौनकर्मियों को और शोषक स्थितियों की तरफ धकेलते हैं. तालिका 9, पृष्ठ 53 और तालिका 10,पृष्ठ 54. https://www.sangram.org/resources/RAIDED-E-Book.pdf

या उनकी ओर से कोई व्यक्ति, हलफनामे द्वारा समर्थित रिहाई के लिए आवेदन कर सकता है । हालांकि, वही प्रावधान कहता है कि यदि मजिस्ट्रेट को यह पता लगा कि ऐसा आवेदन स्वेच्छा से नहीं किया गया है, तो इसे खारिज कर दिया जा सकता है । ध्यान देने योग्य यह है कि यह अनुभाग कोई भी ऐसा मानदंड निर्धारित नहीं करता है, जिसका पालन पीड़ित को पुनर्वास गृह में रखने से पहले, मजिस्ट्रेट को करना चाहिए । इसलिए, उचित मानदंडों की अनुपस्थिति में, यह पूरी तरह से मजिस्ट्रेट का निर्णय है कि एक पीड़ित महिला को पुनर्वास गृह में रखा जाए या नहीं। यहाँ यह भी ध्यान देने योग्य है कि राजकीय पुनर्वास गृह में भर्ती करने वाले अन्य अधिनियम, जैसे के, किशोर न्याय अधिनियम, यह भी उल्लेख करते हैं कि राजकीय पुनर्वास गृह में भर्ती अंतिम उपाय होना चाहिए । वास्तव में, किशोर न्याय अधिनियम बार-बार परिवार और परिचित परिवेश के महत्व पर जोर देता है । हालांकि, विधेयक यह कहीं नहीं कहता है कि तस्करी के पीड़ितों के परिवार हो सकते हैं, न ही यह पीड़ितों के वित्तीय और अन्य दायित्वों के बारे में बोलता है । जैसे कि, हमारे अनुभव अनुसार छापे में "बचाई गई" कई महिलाओं को न सिर्फ़ अपने परिवार से बल्कि अपने नाबालिग बच्चों से भी महीनों के लिए अलग कर दिया जाता है । विधेयक पीड़ितों के अपने परिवार के साथ फिर से जुड़ने के अधिकार के बारे में नहीं बोलता है ।

यह धारा, बौद्धदेव कर्मस्कर बनाम भारत संघ में सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश का भी उल्लंघन कर रहा है, जिसमें कहा गया है कि महिलाओं को पुनर्वास का लाभ

देने के नाम पर, राजकीय पुनर्वास गृह में रहने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए ।

ii पुनर्वास

यह मान लिया गया है कि मानव तस्करी के प्रमुख कारणों में गरीबी, युद्ध, नागरिक अशांति, प्राकृतिक आपदाएं, सूखा, सस्ते श्रम की मांग, ऋण के बदले गुलामी भी अन्य कारकों में शामिल हैं । हालांकि, वर्तमान बिल का दृष्टिकोण इसके विपरीत है ।

बंधुआ श्रम अधिनियम, बंधुआ मजदूरों को स्पष्ट रूप से निम्नलिखित सुरक्षा प्रदान करता है

- हर मजदूर, बंधुआ श्रम के किसी भी दायित्व से मुक्त है
- मजदूर, बंधुआ ऋण चुकाने के दायित्व से मुक्त है । वसूली के लिए कोई मुकदमा दायर नहीं किया जा सकता है। अगर कुछ संपत्ति जबरन बंधुआ मजदूर से ली गई थी, तो वह उसे वापस कर दी जाएगी ।
- मजदूर की संपत्ति गिरवी रखने, दाम लगने, ग्रहण के अधिकार या समेकन से मुक्त है
- बंधुआ मजदूर को, बंधुआ मजदूरी के लिए दिए गए आवासीय परिसर से नहीं निकाला जा सकता, जिस पर उसका मजदूरी के दौरान अधिकार था ।

विधेयक की धारा 31(1) बंधुआ श्रम के उद्देश्य के लिए तस्करी को परिभाषित करता है। ऐसे मामलों में पीड़ितों को संरक्षक संस्थानों में हिरासत में रखने से पहले मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया जाएगा। मौजूदा 2018 विधेयक का दृष्टिकोण बंधुआ श्रम के लिए हिरासत पर आधारित है, जबकि बंधुआ श्रम अधिनियम में दृष्टिकोण गैर- हिरासती है और इसका उद्देश्य बंधुआ मजदूर के अधिकारों की रक्षा करना है। 2018 विधेयक के हिरासत के दृष्टिकोण को, 1976 अधिनियम (जो बंधुआ मजदूर के अधिकार और स्वेच्छापूर्ण निर्णय को कानून के केंद्र में रखता है) के पुनर्वास पे आधारित दृष्टिकोण के ऊपर महत्व देने से, 2018 विधेयक वर्तमान नव-उदार राज्य के गरीबी और श्रम के अनिश्चित रूपों के साथ निपटने के नये तरीके की तरफ़ इशारा करता है ।

प्रस्तावित विधेयक केवल पीड़ितों के बचाव, उन्हें संरक्षण घरों में रखने और उन्हें उनके मूल राज्य या देश वापस भेजने के लिए एक स्पष्ट जनादेश देता है । अंतर्निहित कारकों को हल करने का कोई प्रयास नहीं है, जिसके कारण मानव तस्करी हो सकती है, जिसमें ऋण बंधन, अधिक दर पर लिया गया ऋण, आपदाओं के कारण पलायन सम्मिलित है । प्रस्तावित विधेयक पीड़ित के ऐसे कर्ज की माफ़ी का कोई जिक्र नहीं करता है, जो पीड़ित की स्थिति कमजोर करने में एक बड़ा कारक हो सकता है।

यह विधेयक राज्य के छापे, बचाव और पुनर्वास मॉडल पर केंद्रित समाधान पर ध्यान डालता है जोकि राज्य के हिसाब से मानव तस्करी से पीड़ित

हर व्यक्ति के लिए एक ही हल है । तब भी जब पीड़ित की सहमति को नकार दिया है, ऐसे अत्यधिक सबूत हैं जोकि यह दर्शाते हैं कि इस मॉडल का प्रयोग यौनकर्मियों को जबरन लंबे समय तक कैद करने के लिए किया गया है जहाँ उन्हें न्यायिक तंत्र का सहारा भी नहीं मिलता ।

यौनकर्मियों के यह कहने के बावजूद कि वे वयस्क हैं और सहमति से इस पेशे में हैं, उन्हें "जबरन" उठा लिया जाता है, और उनके परिवारों को अदालतों में हलफनामे देने के लिए मजबूर किया जाता है कि वे फिर से इस पेशे में नहीं आएंगे । कई मामलों में, अदालतों ने एचआईवी पॉजिटिव यौनकर्मियों को यह कह कर रिहा करने से इंकार कर दिया है कि परिवार इन महिलाओं की देखभाल करने में असक्षम हैं। ये रणनीतियां महिला यौनकर्मियों को और भी छिप कर रहने में मजबूर कर देती हैं जहाँ उनके पास हिंसा और शोषण से बचने के सुरक्षा जाल भी नहीं हैं।

यह विधेयक महिलाओं की गतिशीलता का अपराधीकरण कर असमान विकास, कमजोर विकास और असमता से जुड़ी समस्याओं को अनदेखा करता है, जिसमें महिलाओं के बेहतर आजीविका के लिए प्रवासन की आकांक्षाएं शामिल हैं । परेशानी और संकट (राजनीतिक, सामाजिक, और आर्थिक) में महिलाएं बेहतर आजीविका के विकल्पों के लिए बढ़ती हैं । गरीबी भी बड़े अनुपात में महिलाओं के प्रवासन की स्थितियां पैदा करती है। क्या अपराधीकरण, हिरासत में रखना, पुनर्वासन का ढांचा ही असमताओं से जूझने का सबसे अच्छा विकल्प है?

जैसे कि, मैनुअल स्केवेंजिंग (मैला ढोने वाले) के रूप में रोजगार निषेध और उनके पुनर्वास अधिनियम, 2013 की धारा 13, पुनर्वास की एक व्यापक प्रणाली को अनिवार्य करता है जोकि संरचनात्मक असमताओं के प्रति संवेदनशील है।[6]

उच्चतम न्यायलय ने बुद्धदेव कर्मस्कर बनाम भारत संघ मामले में पीड़ितों की इच्छाओं के खिलाफ अल्पावास गृहों में रिमांड की व्यर्थता पर बार बार प्रकाश डाला है।[7] इसके अलावा, इसी मामले के तहत उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित सैक्स वर्क पर पैनल की 7 वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि यौनकर्मियों के बच्चों के लिए दिन में और रात में चलने वाले

---

[6]

[7] दिनांक २४ अगस्त २०११ के अपने आदेश में उच्चतम न्यायलय ने कहा है; इस सम्बन्ध में हम ये कहना चाहते हैं की यौन कर्मियों को अल्पावास गृह उपलब्ध कराना उनकी दिक्कतों का हल नहीं है। उनको व्यापार के योग्य तकनीकी कौशल प्रदान किया जाना चाहिए जिससे कि वे अपना शरीर बेचने के बजाय इस तकनीकी कौशल से अपनी आजीविका कमा सके। केवल गृहों में भेज देना उन्हें भुखमरी में धकेलना है।... इस सम्बन्ध में हम यह कहना चाहेंगे कि केंद्र सरकार की योजना ने यह शर्त रखी है के छुड़ाए गए यौनकर्मियों को सुधार गृह में तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए रहना ही है। हमारा मत यह है के ऐसी कोई शर्त थोपी नहीं जानी चाहिए क्यूंकि कई यौनकर्मी इन सुधार गृहों , जिन्हे वह आभासी जेल मानते हैं , में रहने में अनिच्छुक हैं।

देखभाल केंद्र की सुविधाओं जैसे प्रावधान स्थापित किए जाने चाहिए। हालांकि, इस विधेयक के भीतर ऐसा कोई प्रावधान शामिल नहीं है।

संयुक्त राष्ट्र की व्यक्तियों की तस्करी पर रिपोर्ट आवास की बात करती है, और मैनुअल स्केवेंजिंग (मैला ढोने वाले) अधिनियम घर के निर्माण के लिए भूखंडों के प्रावधान की बात करता है। कर्नाटक सरकार ने हाल ही में यौनकर्मियों के लिए आवास के प्रावधान की सिफारिश की है। इन सिफारिशों से पता चलता है कि तस्करी की जगह से पीड़ित को केवल हटा देना उसके पुनर्वासान में सहायता नहीं करेगा। न केवल निवास, बल्कि आवास की व्यवस्था, निरंतर पुनर्वास प्रक्रिया के लिए आवश्यक है।

पुनर्वास उपायों में, महिलाओं की तस्करी को प्रेरित करने वाले संरचनात्मक कारकों को संज्ञान में लेना चाहिए। उदाहरण के तौर पर मैनुअल स्केवेंजिंग (मैला ढोने वाले) अधिनियम यह पहचानता है कि पुनर्वासन की प्रक्रिया आय के स्त्रोत में बाधा डाल सकती है और शोषित व्यक्तियों के परिवारों को इस शोषण से मिले सहारे को भी पहचानती है। ऐसी समझ इस विधेयक में बिलकुल नहीं है।

iii या विरोधी तस्करी अधिकारी या विरोधी तस्करी इकाई के पास एस

16. (1) जहां एक पुलिस अधिकारी या मानवतस्करी रोधक पुलिस अधिकारी या मानवतस्करी रोधक दस्ते के पास विश्वास करने का कारण होता है... वे ऐसे व्यक्ति को किसी भी जगह से हटा कर उसे मैजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं... और ऐसे व्यक्ति की उम्र निर्धारित करने के लिए,

उसका आकस्मिक आघात, चोट या बीमारी जाँचने के लिए चिकित्सकीय परीक्षण के लिए हर ज़रूरी क़दम उठाएँगे।

इस प्रावधान के शब्दों में वयस्क व्यक्ति की सहमति लेने की आवश्यकता का ज़िक्र कहीं भी नहीं हुआ है। वयस्क व्यक्ति के किसी भी प्रकार के चिकित्सकीय उपचार में सहमति का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 में स्थापित किया गया है। ऐसे कई मामले रहे हैं जहाँ यौनकर्मियों का चिकित्सकीय परीक्षण कर न्यायालय के साथ उनकी सहमति के बिना साझा कर दिया गया है।

एचआईवी / एड्स के जाँच परिणामों को पुनर्वास गृहों से रिहाई इंकार करने का आधार बना कर यह कहा गया है की वे व्यक्ति अपनी देखभाल करने में असमर्थ हैं।[8]

**4.** जिला मानवतस्करी विरोधी समिति की शक्तियां

[8] RAIDED: तस्करी विरोधी रणनीतियां किस तरह से यौनकर्मियों को और शोषक स्थितियों की तरफ धकेलते हैं। कोल्हापुर में यौनकर्मियों को पुनर्वास में रखा गया था, उन्हें इस आधार पर बहाली से वंचित कर दिया गया था कि वे एचआईवी पॉजिटिव थे और उनके परिवारों ने उनकी देखभाल नहीं की थी। (पृष्ठ 66)। https://www.sangram.org/resources/RAIDED-E-Book.pdf

प्रस्तावित विधेयक के तहत, विभिन्न विभागों, कानून स्थापित करने वाली संस्था, न्यायपालिका और नागरिक समाज संगठनों के सदस्यों को मिलकर एक जिला मानवतस्करी विरोधी समिति ( डीएटीसी) गठित की जाएगी ।[9] डीएटीसी एक सुरक्षा या पुनर्वास गृह में पीड़ित के लिए व्यक्तिगत देखभाल की योजना बना सकता है[10], इन गृहों के लिए निर्देशों को पारित कर सकता है[11], बंधुआ मजदूरों के अंतर-राज्यीय प्रत्यवासन की सुविधा प्रदान कर सकता है[12], बचाव कार्यों में और व्यक्तियों को बचाव गृहों में स्थानांतरित करने में मदद कर सकता है[13]।

समिति को पीड़ितों की पहचान, उनके बचाव, संरक्षण, सहायता, पुनर्वास और प्रत्यावर्तन की पहचान के संबंध में विशाल और निरंकुश शक्तियां दी गई हैं। यह

---

[9] सदस्यों में शामिल हैं - जिला मजिस्ट्रेट या अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट - अध्यक्ष; महिला एवं बाल विकास के जिला अधिकारी - सदस्य; प्रतिनिधि, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण - सदस्य; प्रतिनिधि, बाल कल्याण समिति - सदस्य; मानवतस्करी की रोकथाम और संबंधित मुद्दों के क्षेत्र में काम कर रहे दो सिविल सोसाइटी संगठन या गैर-सरकारी संगठन - सदस्य; ऐसे अन्य सदस्यों को निर्धारित किया जा सकता है - सदस्य; और जिला पुलिस नोडल अधिकारी - सदस्य सचिव।

[10] धारा 13 (3) i

[11] धारा 13 (3) ii

[12] धारा 13 (3) iv

[13] धारा 13 (3) vii

देखते हुए कि डीएटीसी अपनी शक्तियों का उपयोग वयस्कों के संबंध में कर रहा है जोकि किसी भी अपराध के आरोपी नहीं हैं; यह समस्याग्रस्त है कि पीड़ित के साथ परामर्श की प्रक्रिया या पीड़ित को केंद्रित रख निर्णय लेने की कमी है, वयस्क पीड़ितों के स्वेच्छापूर्ण निर्णय लेने की क्षमता का सम्मान नहीं है। यह वयस्क के स्वेच्छापूर्ण निर्णय लेने के सम्मान को चोट पहुंचता है और संविधान के तहत सुनिश्चित वयस्क की स्वतंत्रता पर खतरनाक प्रतिबंध लगाता है।

धारा 14. अधिनियम के तहत पीड़ितों की देखभाल, संरक्षण, उपचार, विकास और पुनर्वास के लिए मामलों को निपटाने के लिए डीएटीसी का अंतिम अधिकार होगा।

डीएटीसी के निर्णय अंतिम हैं और अदालतों में पुनर्विचार के लिए खुले नहीं हैं। अगर ऐसी स्थिति में देखभाल, सुरक्षा या प्रत्यावर्तन के संबंध में डीएटीसी के फैसले से पीड़ित असहमत है या उसको चुनौती देना चाहता है, तो न्यायिक प्रणाली के भीतर भी इसके लिए कोई मार्ग नहीं है। इससे बड़ी समस्या यह है कि विशेष अदालत के अपने कार्य करने के लिए अनिवार्य संप्रेषण का प्रावधान है।

*24. (3) पीड़ित या ऐसे अन्य व्यक्ति के पुनर्वास के संबंध में अंतिम निर्णय लेने से पहले मजिस्ट्रेट जिला तस्करी विरोधी समिति से परामर्श लेगा।*

अनैतिक तस्करी रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत, मजिस्ट्रेट को पीड़ित के पुनर्वास से संबंधित निर्णयों पर उसकी सहायता करने के लिए एक समिति बनाने के लिए अधिकृत किया गया था । वर्तमान स्थिति में, अदालत की शक्ति अनिवार्य संप्रेषण प्रक्रिया द्वारा प्रतिबंधित कर दी गई है। कार्य करने के इस तंत्र

का हमेशा का एक डर यह है कि न्यायपालिका के फैसले जिला स्तर पर एक शक्तिशाली समिति द्वारा हटाए जा सकते हैं और जिसमें पीड़ितों के लिए पुनर्विचार का भी कोई सहारा नहीं है। जब अन्य प्रावधानों की तुलना में इसे पढ़ा जाता है, तो यह बिना पारदर्शिता, बिना पुनर्विचार और उत्तरदायित्व के बिना शक्तियों की एक अवांछित अभिवृद्धि दर्शाता है।

अगले खंड में वर्णित अनुसार डीएटीसी को प्रत्यावर्तन (अंतर्राज्यीय और अन्तर्देशीय दोनों) की शक्तियां भी दी गई हैं।

5. प्रत्यावर्तन और अधिकार

*धारा 26. (I) जिला तस्करी विरोधी समिति या बाल कल्याण समिति अन्य जिले में उनके समकक्षों के साथ समन्वय करके, प्रत्यावर्तन मामले के अनुसार पीड़ितों के प्रत्यावर्तन के लिए उत्तरदायी होगा।*

*(3) राज्य नोडल अधिकारी पीड़ित से प्रत्यावर्तन के लिए सूचित सहमति प्राप्त करेगा और यदि पीड़ित राज्य नोडल अधिकारी को सहमति देने की स्थिति में नहीं है, तो वह प्रशिक्षित सामाजिक मनोचिकित्सक द्वारा पीड़ित की परामर्श के लिए व्यवस्था करेगा ।*

*(4) पीड़ितों का प्रत्यावर्तन, जिला तस्करी विरोधी समिति, या बाल कल्याण समिति या राज्य पुलिस नोडल अधिकारी द्वारा बचाव की तारीख से, अंतर्राज्यीय*

*प्रत्यावर्तन तीन महीने के भीतर पूरा किया जाएगा, अन्तर्देशीय प्रत्यावर्तन के मामले में छह महीने के भीतर पूरा किया जाएगा :*

प्रस्तावित कानून भारत के भीतर 'पीड़ितों' का प्रत्यावर्तन करना चाहता है, जो कि, नागरिकों की महत्वाकांक्षी प्रवास और भारत देश में सुरक्षित स्थान-परिवर्तन के अधिकार की पृष्ठभूमि को देखते हुए, समस्याग्रस्त है।

प्रस्तावित तस्करी विधेयक परामर्श के बाद "पीड़ित" को अपने मूल राज्य वापस भेजना चाहता है। यह स्पष्ट नहीं है कि व्यक्ति को क्या परामर्श देना है, यह मूल राज्य में प्रत्यावर्तन की स्थिति में नौकरी की सुरक्षा पर चर्चा नहीं करता है। इसके अलावा क्या व्यक्ति को प्रत्यावर्तन के आदेश के खिलाफ पुनर्विचार करने का और इसके लिए कानूनी सहायता लेने का अधिकार है? अधिकारियों द्वारा इनकार करने के मामलों को कैसे संभाला जाएगा इस पर कोई स्पष्टता नहीं है। पुनर्वास गृहों से व्यक्तियों को कब और कैसे छोड़ा जा सकता है?

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (डी) सभी नागरिकों को पूरे भारत में स्वतंत्र रूप से स्थानांतरण का अधिकार देता है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 (1) (ई) सभी नागरिकों को भारत के किसी भी हिस्से में रहने और बसने का अधिकार देता है। धारा 39 जो कि राज्य पुलिस नोडल अधिकारी द्वारा किसी अन्य मूल राज्य में 'पीड़ित' के प्रत्यावर्तन के लिए प्रदान किया जाता है, संबंधित व्यक्ति द्वारा निवास की जगह का चयन करने पर ही प्रयोग में आ सकता है। धारा में राज्य नोडल अधिकारी को सूचित सहमति प्राप्त करने के लिए कहता है,

लेकिन "पीड़ित" के परामर्श के लिए सिफारिश करने के अलावा, पीड़ित के अपने मूल राज्य में वापस जाने की इच्छा नहीं होने पर क्या प्रक्रिया हो यह नहीं बताता है। यह स्पष्ट नहीं है कि इस तरह के व्यक्ति को पुनर्वास गृह भेजा जाएगा या नहीं।

*व्यक्ति की सूचित सहमति के बिना प्रत्यावर्तन का आदेश संबंधित व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करेगा*, असंवैधानिक, कानूनन गलत और नाजायज़ होगा।

भारत के हर नागरिक को भारत के क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से स्थानांतरण का अधिकार है और सभी उपलब्ध विकल्पों की जांच करने के बाद सहमति के आधार पर, मूल स्थान पर "बहाल" करने के सभी प्रयास पूरी तरह से स्वैच्छिक होने चाहिए। बचाए गए व्यक्ति को सलाह दी जानी चाहिए और सभी उपलब्ध विकल्पों के बारे में सूचित किया जाना चाहिए जिसमें मूल स्थान पर वापस जाने की पसंद शामिल है।

प्रभावित व्यक्ति को समिति के किसी भी आदेश पर पुनर्विचार करने का अधिकार होना चाहिए और ऐसे व्यक्तियों को उचित कानूनी सहायता और अन्य कानूनी सहायता प्रदान की जानी चाहिए। प्रभावित व्यक्ति को उनके अधिकारों के बारे में भी सलाह दी जानी चाहिए।

**प्रत्यावर्तन बनाम बहाली**

"प्रत्यावर्तन" शब्द का अर्थ यह नहीं है कि महिलाओं को उनके परिवारों के साथ मिला दिया जाएगा, बल्कि केवल यह इंगित करता है कि उन्हें मूल स्थान पर वापस भेज दिया जाएगा। वर्तमान में, प्रत्यावर्तन अक्सर यह इंगित करता है कि एक महिला को एक राज्य के आश्रय गृह  से दूसरे राज्य में आश्रय गृह में स्थानांतरित किया जाएगा। एक बार वापस लौटने के बाद, महिला को अपने परिवार के साथ अंततः एकजुट होने के लिए एक और लंबी और कठिन प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। जे जे अधिनियम बहाली से प्रत्यावर्तन को अलग करता है, बहाली ये संकेत करता है कि बच्चा अपने परिवार के साथ मिल जाएगा, जबकि प्रत्यावर्तन एक समान सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक परिवेष में वापसी का संकेत देता है। इस तरह, तस्करी के पीड़ित के संदर्भ में, केवल प्रत्यावर्तन पर्याप्त नहीं है, और इसके अलावा, यह इंगित होता है कि भौगोलिक क्षेत्र से पीड़ित को हटाने से तस्करी की समस्या हल हो जाती है।

**6. शोषण - बेदख़ली**

*34. (I) जो भी व्यक्ति तस्करी के उद्देश्य से आवास रखता है या प्रबंधित करता है, या रखरखाव में कार्य करता है या सहायता करता है या किसी भी व्यक्ति की तस्करी के लिए उपयोग किए जाने वाले परिसर का प्रबंधन करता है, उसको कठोर कारावास के साथ दंडित किया जाएगा जो पांच साल तक बढ़ाया जा सकता है और जुर्माना भी लग सकता है  जो 10 लाख रुपये तक बढ़ सकता है और दोबारा या फिर से  दोषसिद्धि होने पर कम से कम  सात साल के कठोर*

*कारावास और जुर्माना जो दो लाख रुपये तक बढ़ सकता है, से दंडित किया जाएगा।*

*(2) कोई भी -*

(i) किसी किरायेदार, पट्टेदार, अधिवासी या किसी भी परिसर का प्रभारी, उपयोग करता है, या जानबूझकर किसी अन्य व्यक्ति को परिसर के किसी भी हिस्से का उपयोग, व्यक्तियों की तस्करी के लिए करने की अनुमति देता है; या

*(ii) किसी भी परिसर के मालिक, पट्टेदार या मकान मालिक होने के नाते, या मालिक, पट्टेदार, या मकान मालिक के प्रतिनिधि होने के नाते, परिसर को या उसके किसी हिस्से को <u>पूरी जानकारी के साथ पीड़ित के शोषण की जगह के रूप में उपयोग करने का इरादा है</u>, या जानबूझकर परिसर या किसी भी हिस्से का उपयोग व्यक्तियों की तस्करी के लिए एक जगह के रूप में होना है इसका हिस्सा है।*

*पहली दोषसिद्धी पर सजा सुनाई जाएगी जो कि तीन साल तक की अवधि के लिए कारावास के साथ दंडित किया जाएगा और जुर्माना जो एक लाख रुपए तक बढ़ाया जा सकता है और दोबारा या बाद में दोषसिद्धी के मामले में सजा, पांच साल तक की अवधि के लिए कठोर कारावास के साथ और जुर्माना जो दो लाख रुपये तक बढ़ सकता है, होगा।*

*स्पष्टीकरण - उपधारा (2) के प्रयोजनों के लिए, विपरीत साबित होने तक यह माना जाएगा कि उस उपधारा के खंड (I) या खंड (ii) में निर्दिष्ट किसी भी व्यक्ति ने परिसर का उपयोग करने या परिसर के किसी भी हिस्से को* ***शोषण की जगह के रूप में इस्तेमाल करने में उचित परिश्रम का उपयोग नहीं किया है, और उसे पूरी जानकारी है की परिसर या उसके किसी भी हिस्से को पीड़ित के शोषण के स्थान के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था।***

धारा 34 में तस्करी की जगह और शोषण की जगह का इस्तेमाल एक दूसरे के स्थान पे किया गया है। शोषण का स्थान कैसे निर्धारित किया जाएगा? क्या इसे तस्करी के प्रावधानों से मिला के पढ़ा जायेगा या अपने में ही एक प्रावधान के रूप में पढ़ा जाएगा और मजिस्ट्रेट के विवेक पर छोड़ दिया जाएगा। यौनकर्मियों का अनुभव कि आईटीपीए और धारा 370 के प्रावधान अलग अलग और चयनात्मक ढंग से उपयोग किए जा रहे हैं न कि तस्करी रोकने के लिए । मजिस्ट्रेट और तस्करी विरोधी एनजीओ वयस्क यौनकर्मियों को कैद करने और उन महिलाओं को गिरफ्तार करने के लिए "शोषण" शब्द का चयनात्मक उपयोग करते हैं जो अन्य यौनकर्मियों को काम करने के सुरक्षित माहौल देने के इरादे से अपने घर उपलब्ध करा रहे हैं।

दूसरा, प्रस्तावित बिल के शब्द अपराधियों और अधिकारियों को केवल इस आधार पर बेदखल करना चाहता है कि परिसर का उपयोग शोषण के स्थान के रूप में किया जा सकता है, जहां वास्तव में शोषण के लिए उपयोग नहीं किया जा रहा

